
CORDOVA® App 24X7 For Teachers Only

FREE SMART CLASS SOFTWARE WITH WEB SUPPORT

For Teachers Only

# सुगम हिंदी व्याकरण




CORDOVA®

Scanned with CamScanner

# विषय-सूची (Contents)




| विषय | | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. भाषा | (Language) | 5 |
| 2. भाषा के प्रकार | (Types of Languages) | 7 |
| 3. वर्ण | (The Alphabet) | 10 |
| 4. शब्द और वाक्य | (Words and Sentences) | 14 |
| 5. नाम वाले शब्द | (Naming Words) | 19 |
| विशेष गतिविधि ( खेल-खेल में ) | (Fun Activity) | 22 |
| 6. कैसे-कैसे नाम | (Types of Names) | 24 |
| 7. लड़का-लड़की | (Gender) | 27 |
| 8. एक-अनेक | (Singular-Plural) | 31 |
| 9. विशेषता बताने वाले शब्द | (Describing Words) | 35 |
| 10. सब नामों के लिए | (For All Naming Words) | 39 |
| 11. काम तरह-तरह के | (Doing Words) | 44 |
| 12. उलटे अर्थ वाले शब्द (विलोम शब्द) | (Antonyms) | 48 |
| 13. गिनती | (Counting) | 52 |
| 14. निबंध-लेखन | (Essay Writing) | 55 |
| 15. आओ कहानी कहें | (Story Telling) | 57 |


Scanned with CamScanner

# 1 भाषा
## (Language)

**देखिए, पढ़िए और समझिए–**




रमा और नेहा आपस में बातें कर रही हैं। वे एक-दूसरे की बातें **सुनकर जवाब** दे रही हैं।




इस चित्र में रमा माँ के साथ बाज़ार जा रही है। वह सोच रही है कि कार ले या नेहा की तरह गुड़िया।



Scanned with CamScanner

रमा खिलौने की दुकान पर पहुँच गई–




रमा दुकानदार को अपनी बात समझा रही है और दुकानदार समझने की कोशिश कर रहा है।

बच्चो, आपने ध्यान दिया कि चित्रों में अलग-अलग तरीके से बातें हो रही हैं। नेहा और रमा आपस में **सवाल-जवाब** कर रही हैं। रमा **सोचकर** दुकानदार को अपनी बात **समझा** रही है और दुकानदार **समझ** रहा है। यही तो **भाषा** है।

## आओ पाठ दोहराएँ

कौशल-पठन (उच्चारण, अबोध-भाषण)

☞ आज हमने सीखा कि **पूछना**, **बताना**, **सोचना**, **समझना** और **समझाना** भाषा कहलाती है।

# अभ्यास

## मौखिक

कौशल-बोलना (बोध, संवाद)

1. आप अपने घर में कौन-सी भाषा बोलते हैं?
2. अब आप अपने मनपसंद खिलौने के बारे में बातचीत कीजिए।



Scanned with CamScanner

# 2 भाषा के प्रकार (Types of Languages)

देखिए, पढ़िए और समझिए–







रूही **बोलकर** अपनी बात अपनी मम्मी से कह रही है और मम्मी **सुनकर** जवाब दे रही हैं।

जो मुँह से बोला जाता है, वह भाषा का **मौखिक रूप** कहलाता है।



इस चित्र में राहुल अपनी कॉपी पर अपने दोस्तों के नाम **लिख** रहा है और बच्चे **पढ़कर** समझ रहे हैं।

जो लिखा जाता है, वह भाषा का **लिखित रूप** कहलाता है।



Scanned with CamScanner

इस तरह **बोलना**, **सुनना**, **लिखना** और **पढ़ना** भाषा के काम हैं।

अब आप समझ गए कि भाषा के द्वारा हम अपने मन की बात **बोलकर** और **लिखकर** दूसरों तक पहुँचा सकते हैं तथा **सुनकर** और **पढ़कर** दूसरों की बात समझ सकते हैं।

## आओ पाठ दोहराएँ

कौशल-पठन (उच्चारण, अबोध-भाषण)

- भाषा मन की बात को एक-दूसरे तक पहुँचाती है।
- भाषा दो तरह की होती है– (क) **मौखिक** (ख) **लिखित**
- भाषा के काम होते हैं– **बोलना**, **सुनना**, **लिखना** और **पढ़ना**।

# अभ्यास

## मौखिक

कौशल-बोलना (बोध, संवाद)

1. 'आप अपने पापा से खिलौने लाने के लिए कह रहे हैं।' यह भाषा का कौन-सा रूप है?
2. 'आप अपने बारे में दो वाक्य लिख रहे हैं।' यह भाषा का कौन-सा रूप है?

## लिखित


कौशल-लेखन (व्याकरण, शब्दावली, लिखावट)

1. चित्र देखकर बताइए कि कौन क्या कर रहा है?

दादा जी क्या कर रहे हैं?

दादा जी अख़बार .............................. रहे हैं।





पापा क्या कर रहे हैं?

पापा पत्र .............................. रहे हैं।



मम्मी क्या कर रही हैं?

मम्मी गाना .............................. रही हैं।



दीदी क्या कर रही हैं?

दीदी .............................. रही हैं।

2. हमें सबसे कैसे बोलना चाहिए? मूल्यपरक प्रश्न

प्यार से ☐ चीखकर ☐

## गतिविधि


रचनात्मक-लेखन ( विचार, भाव, लिखावट )

- चित्र देखकर भाषा के सही रूप में ✓ निशान लगाइए–

मौखिक भाषा ☐

लिखित भाषा ☐






मौखिक भाषा ☐


लिखित भाषा ☐



Scanned with CamScanner

# 3 वर्ण
## (The Alphabet)

मुँह से निकली ध्वनियाँ




'आम' की ध्वनि –

आ + म् + अ = आम

'खाओ' की ध्वनि –


ख् + आ + ओ = खाओ

बच्चो, ये ध्वनियाँ ही **वर्ण** कहलाती हैं। अब इन्हें और छोटा नहीं किया जा सकता।


**वर्ण दो तरह के होते हैं–**

1. स्वर (Vowels)
2. व्यंजन (Consonants)

1. **स्वर–** हिंदी में ग्यारह (11) स्वर होते हैं–



2. व्यंजन– हिंदी में तैंतीस (33) व्यंजन होते हैं–




**अन्य**

अं अः

**संयुक्त व्यंजन**

क्ष त्र

ज्ञ श्र

कौशल-पठन (उच्चारण, अबोध-भाषण)

## आओ पाठ दोहराएँ

- मुँह से निकलने वाली ध्वनियाँ **वर्ण** कहलाती हैं। ध्वनियों को छोटा नहीं किया जा सकता है।
- वर्ण दो तरह के होते हैं–**स्वर** और **व्यंजन**। स्वर ग्यारह (11) और व्यंजन तैंतीस (33) होते हैं।

# अभ्यास

## मौखिक

कौशल-बोलना (बोध, संवाद)

1. 'ईख' में कितनी ध्वनियाँ हैं?
2. आपका नाम स्वर या व्यंजन से शुरू होता है? बताइए।


## लिखित

कौशल-लेखन (व्याकरण, शब्दावली, लिखावट)

1. आओ, पत्थरों पर एक-एक स्वर को बैठाएँ–



**2. व्यंजन–** हिंदी में तैंतीस (33) व्यंजन होते हैं–










## आओ पाठ दोहराएँ

कौशल-पठन (उच्चारण, अबोध-भाषण)

- मुँह से निकलने वाली ध्वनियाँ **वर्ण** कहलाती हैं। ध्वनियों को छोटा नहीं किया जा सकता है।
- वर्ण दो तरह के होते हैं–**स्वर** और **व्यंजन**। स्वर ग्यारह (11) और व्यंजन तैंतीस (33) होते हैं।

# अभ्यास

## मौखिक

कौशल-बोलना (बोध, संवाद)

1. 'ईख' में कितनी ध्वनियाँ हैं?
2. आपका नाम स्वर या व्यंजन से शुरू होता है? बताइए।

## लिखित

कौशल-लेखन (व्याकरण, शब्दावली, लिखावट)


1. आओ, पत्थरों पर एक-एक स्वर को बैठाएँ–







Scanned with CamScanner


2. व्यंजन को क्रम से इल्ली ( कैटरपिलर ) पर बैठाइए–




3. चिड़ियाँ स्वर और व्यंजन के गुब्बारे लेकर उड़ रही हैं। आप स्वर और व्यंजन को अलग-अलग करके लिखिए–










Scanned with CamScanner

- दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए। जिसका नाम स्वर से शुरू होता है, उसे स्वर से मिलाइए और जिसका नाम व्यंजन से शुरू होता है, उसे व्यंजन से मिलाइए–






Scanned with CamScanner